**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 22.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस योजना में झारखंड के तीन रेलवे स्टेशन राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश विकसित भारत के संकल्प के साथ मजबूती से आगे बढ़ रहा ळें

खूंटी में गोविंदपुर रोड स्टेशन के लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रेलवे अधिकारियों और विधायकों के साथ शामिल हुए।

इधर 7 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित राजमहल स्टेशन पर वाई–फाई, डिजिटल सूचना पट, चार्जिंग पॉइंट और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्थानीय लोगों ने स्टेशन को हावड़ा–सियालदह जैसा बताते हुए नई ट्रेन की मांग भी की और इसे रोजगार के नए अवसरों का स्रोत बताया। देवघर जिला का शंकरपुर रेलवे स्टेशन का भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प किया गया है।

***************

गिरिडीह में आयोजित वन नेशन, वन इलेक्शन संगोष्ठी में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एक साथ चुनाव आज भारत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बार–बार चुनावों से समय और पैसे की भारी बर्बादी होती है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं।

मौके पर भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने भी इस विचार का समर्थन करते हुए कहा कि लगातार चुनावों के कारण सरकारी मशीनरी बाधित होती है और विकास कार्य रुक जाते हैं। संगोष्ठी को कई अन्य नेताओं, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और छात्रों ने भी संबोधित किया।

***************

रांची के करमटोली स्थित आदिवासी छात्रावास में आज 520 शय्या वाले नए छात्रावास निर्माण कार्य का भूमि पूजन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस दौरान कल्याण मंत्री चमरा लिंडा समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। यह छात्रावास अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए बनाया जा रहा है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्यहित में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है।

***************

बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने आज 1 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास किया। इनमें एक सड़क रानी पोखर के जगन्नाथ नगर और दूसरी जोशी कॉलोनी में बनेगी। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण से आवागमन में सहूलियत होगी और संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

***************

सरायकेला–खरसावां जिले में श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की कई कंपनियों को बोनस भुगतान की वार्षिक विवरणी समय पर जमा नहीं करने पर 7 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। श्रम अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि फॉर्म 'सी' या 'डी' तय समय पर जमा नहीं करने वाली कंपनियों के खिलाफ श्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि 5 साल या उससे अधिक समय से संचालित और 20 से अधिक मजदूरों वाली कंपनियों को बोनस भुगतान अनिवार्य है, चाहे वे लाभ में हों या घाटे में।

***************

गढ़वा जिले के सभी सक्रिय मछुआरों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत बीमा कवरेज किया जायेगा. इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के जिले के सभी मछुआरों को इस सामूहिक बीमा योजना से लाभान्वित किया जायेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

आई.पी.एल. क्रिकेट में, गुजरात टाइटन्स का सामना आज शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

**************